दैनिक भास्कर

# खुलासा:लॉकडाउन में बनी नकली शराब की फैक्टरी पकड़ी, 2 लाख का माल जब्त, डांडा खिरक में बन रही थी शराब

**ग्वालियर**



उपचुनाव से पहले आबकारी टीम ने घाटीगांव के डांडा खिरक गांव में देशी शराब बनाकर बॉटलिंग करने वाली फैक्टरी पकड़ी है। इस फैक्टरी से हाइवे के ढाबों पर अवैध शराब की सप्लाई की जाती थी।

सहायक आबकारी आयुक्त संदीप शर्मा के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर डांडा खिरक में दबिश दी गई तो एक मकान में शराब बनाने व बॉटलिंग करने के प्लांट का खुलासा हुआ। यहां स्परिट से भरे ड्रम 10, 16 पेटी प्लेन शराब, नकली होलोग्राम, कार्टन व पेटी, शराब की तेजी नापने वाला हाइड्रो मीटर, शराब में मिलाया जाने वाला आरओ वाटर बरामद किया गया।

बरामद माल की कीमत लगभग दो लाख रुपए आंकी गई है, लेकिन शराब बनाने वाले युवक टीम के पहुंचते ही मकान से कूदकर भाग गए। यह अवैध शराब फैक्टरी लॉकडाउन में शराब की दुकानें बंद रहने पर खोली गई थी और तब से हजारों लीटर शराब यहां से आसपास के इलाकों में सप्लाई की जा चुकी थी।

इसी तरह आबकारी की एक अन्य टीम ने डबरा व भितरवार में भी ढाबे व रेस्टोरेंट पर छापामारी की। इस कार्रवाई में एक हजार केजी गुडलाहन, 60 लीटर हाथ भट्टी शराब, बरामद की गई है। टीम ने आरोपी पूजा कंजर व कमल बाथम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/mp/gwalior/news/fake-liquor-factory-made-in-lockdown-caught-goods-worth-2-lakh-seized-liquor-made-in-blackjack-miner-127856676.html